# कार्यालय, कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन समिति जिला-बीजापुर(छत्तीसगढ़)

Office phone no- 07853-220191 E mail – deo.bijapur02@gmail.com

क्रमांक/768/स्था./उ.अ.मा.स्कूल/संविदा भर्ती/2022-23 बीजापुर, दिनांक 06/07/2022

## -:: प्रेस विज्ञप्ति ::-

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, महनदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 23-08/2020/20-दों/62 अटल नगर, नवा रायपुर, दिनांक 24/06/2022 एवं छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, महनदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 23-08/2020/20-दों/61 अटल नगर, नवा रायपुर, दिनांक 24/06/2022 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में **नवीन स्वीकृत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुटरू** एवं **स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मद्देड** के लिए निम्नानुसार अस्थाई रूप से संविदा पर शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक पदों पर संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन में निम्नानुसार संविदा नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचित छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम -2012 के प्रावधानों के अनुसार भर्ती किया जाना है।

संविदा भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला बीजापुर, पिन-494444 के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्रेषित करें अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जावेगा। **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 06/07/2022 से 20/07/2022 तक कार्यालयीन दिवस समय सांय 5.30 बजे तक होगी।** समय अवधि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

रिक्त संविदा पदों का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | पद का नाम एवं माध्यम | | स्वा.आ.अं.मा.वि. कुटरू | | स्वा.आ.अं.मा.वि. मद्देड | | संविदा नियुक्ति का मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पद एवं विषय | माध्यम | पदों की संख्या | आरक्षण | पदों की संख्या | आरक्षण | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 12 |
| 1 | शिक्षक, जीवविज्ञान | अंग्रेजी माध्यम | 1 | अनारक्षित | 1 | अनारक्षित | 35400 |
| 2 | शिक्षक, गणित | अंग्रेजी माध्यम | 1 | अनारक्षित | 1 | अनारक्षित | 35400 |
| 3 | शिक्षक, अंग्रेजी | अंग्रेजी माध्यम | 1 | अनारक्षित | 1 | अनारक्षित | 35400 |
| 4 | शिक्षक, सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी माध्यम | 1 | अनारक्षित | 1 | अनारक्षित | 35400 |
| 5 | कम्प्यूटर शिक्षक | अंग्रेजी माध्यम | 1 | अनारक्षित | 1 | अनारक्षित | 35400 |
| 6 | सहायक शिक्षक विज्ञान | अंग्रेजी माध्यम | 1 | अनारक्षित | 1 | अनारक्षित | 25300 |
| 7 | सहायक शिक्षक गणित | अंग्रेजी माध्यम | 1 | अनारक्षित | 1 | अनारक्षित | 25300 |
| 8 | सहायक शिक्षक अंग्रेजी | अंग्रेजी माध्यम | 1 | अनारक्षित | 1 | अनारक्षित | 25300 |
| 9 | सहायक शिक्षक सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी माध्यम | 1 | अनारक्षित | 1 | अनारक्षित | 25300 |
| कुल:- | | | 09 | | 09 | | |

टीप:-

1. **रिक्त पदों की संख्या घट बढ़ एवं विलोपित हो सकती है, इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।**

**शैक्षणिक अर्हतायेः- अभ्यर्थी के पास संविदा भर्ती के सेवा के लिये निम्नानुसार न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएँ होना आवश्यक हैः-**

**01. सहायक शिक्षक**

(क) न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (अथवा इसके समकक्ष) तथा प्रारंभिक शिक्षाशास्त्र (चाहे उसे किसी भी नाम से जाना जाता हो) में द्विवर्षीय डिप्लोमा

अथवा

न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (अथवा इसके समकक्ष) एवं प्रारंभिक शिक्षाशास्त्र (चाहे उसे किसी भी नाम से जाना जाता हो) में द्विवर्षीय डिप्लोमा जो राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता, मानदण्ड और क्रियाविधि) विनियम, 2002 के अनुसार प्राप्त किया गया हो।

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (अथवा इसके समकक्ष) एवं प्रारंभिक शिक्षाशास्त्र (बी.एल.एड.) में चार वर्षीय स्नातक

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (अथवा इसके समकक्ष) एवं प्रारंभिक शिक्षाशास्त्र (विशेष शिक्षाशास्त्र) में द्विवर्षीय डिप्लोमा

अथवा

स्नातक तथा प्रारंभिक शिक्षाशास्त्र (चाहे उसे किसी भी नाम से जाना जाता हो) में द्विवर्षीय डिप्लोमा

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक तथा बी.एड. अर्हता (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक) भी कक्षा 1 से 5 तक पढ़ाने के लिये अध्यापक के रूप में पात्र होंगे परन्तु यह कि उसे नियुक्ति के पश्चात राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त प्राथमिक शिक्षाशास्त्र में 6 महीने के एक विशेष कार्यक्रम पूरा करना होगा।

तथा

(ख) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रयोजन के लिए जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतो के अनुसार समुचित सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) में उत्तीर्ण।

टीपः- अंग्रेजी माध्यम में माध्यमिक स्तर से हायर सेकेण्डरी तक सहायक शिक्षक कला हेतु हायर सेकेण्डरी कला संकाय, सहायक शिक्षक विज्ञान हेतु हायर सेकेण्डरी विज्ञान समूह में जीवविज्ञान एक विषय रहा हो, सहायक शिक्षक गणित हेतु हायर सेकेण्डरी विज्ञान समूह में गणित एक विषय रहा हो।

**02. शिक्षक**

(क) स्नातक और प्रारंभिक शिक्षाशास्त्र (चाहे उसे किसी भी नाम से जाना जाता हो) में द्विवर्षीय डिप्लोमा

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक एवं शिक्षा (बी.एड.) में एक वर्षीय स्नातक

अथवा

न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक एवं शिक्षा (बी.एड) में एक वर्षीय स्नातक, जो इस संबंध में समय-समय पर जारी किये गये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (मान्यता, मापदण्ड तथा क्रियाविधि) विनियमों के अनुसार प्राप्त किया गया हो।

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक अथवा इसके समकक्ष एवं चार वर्षीय बी.ए./बी.एस.सी.एड. या बी.ए.एड./बी.एस.सी.एड

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक तथा एक वर्षीय बी.एड. (विशेष शिक्षा)

तथा

(ख) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रयोजन के लिए जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतो के अनुसार समुचित सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) में उत्तीर्ण।

उपरोक्त स्नातक उपाधि में स्नातक के विषय निम्नानुसार होंगे-

| सरल क्रमांक | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | जीवविज्ञान | रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, सैन्य विज्ञान एवं भू-गर्भ विज्ञान में से कोई दो विषय स्नातक स्तर पर हो। |
| 2 | गणित | गणित के साथ निम्नलिखित में से कोई दो विषय- भौतिक/रसायन/इलेक्टॉनिक्स/कम्प्यूटर साईस/सांख्यिकी, सैन्य विज्ञान/भू-गर्भ विज्ञान। |
| 3 | अंग्रेजी | अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो |
| 4 | सामाजिक विज्ञान | स्नातक स्तर पर कला संकाय में इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र अथवा राजनीति विज्ञान में से एक विषय अनिवार्य हो। |

टीप:- शिक्षक विज्ञान,गणित,अंग्रेजी एवं सामाजिक विज्ञान हेतु अंग्रेजी माध्यम में माध्यमिक स्तर से स्नातक तक अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा अनिवार्य।

**03. कम्प्यूटर शिक्षक-**

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत के साथ बी.ई. या बी.टेक में कम्प्यूटर विज्ञान/आई.टी. की उपाधि या मान्यता प्राप्त वि.वि. से एम.एस.सी. (कम्प्यूटर विज्ञान)/एम.सी.ए. की उपाधि अनिवार्य।

**चयन प्रक्रिया :-**

1. शिक्षक हेतु संभाग एवं सहायक शिक्षक, के पदो पर राजस्व जिला बीजापुर के आवेदकों को प्राथमिकता दिया जावेगा।
2. उक्त पद पूर्णतः अस्थायी है। शासन के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय पदच्युत किया जा सकेगा।
3. शैक्षिक पदों पर व्यवसायिक योग्यता डी.एड./डी.एल.एड. एवं बी.एड. उत्तीर्ण होना आवश्यक है। योग्य अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में अन्य आवेदको पर समिति द्वारा विचार किया जायेगा।
4. छ.ग.राज्य के किसी भी मान्यता प्राप्त शालाओं में अध्यापन कार्य में अनुभव वाले आवेदको को प्राथमिकता दी जावेगी।
5. अभ्यार्थियों का चयन साक्षात्कारा के माध्यम से किया जायेगा। चयन प्रक्रिया में शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक, अनुभव एवं साक्षात्कार के आधार पर मेरिट सूची तैयार किया जायेगा।
6. चयन संबंधी उपरोक्त समस्त प्रक्रिया में समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होंगे।

**नियम व शर्ते :-**

1. आवेदन पत्र कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला बीजापुर, पिन-494444 के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्रेषित करें अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जावेगा। **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 06/07/2022 से 20/07/2022 तक कार्यालयीन दिवस समय सांय 5.30 बजे तक होगी।** समय अवधि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किए जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
2. चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य किये जायेगें।
3. विज्ञापन तिथि के पूर्व (आवेदन जामा करने की अंतिम तिथि) अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यताएँ तथा अन्य जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होगें।
4. निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जावेगा।
5. अन्य शिक्षको की भांति इन शिक्षकों को भी अन्य आबंटित शालेय कार्य यथा मूल्यांकन, शालेय गतिविधियां आदि से भागीदारी सुनिश्चित करना होंगा। जिसके लिये अतिरिक्ति मानदेय की पात्रता नहीं होगी।
6. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी जानकारी संबंधित को पृथक से नही दी जावेगी।
7. संविदा मानदेयः- संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार की सुविधा/भत्ता प्रदाय नहीं किया जावेगा।
8. आवेदक का संपूर्ण शिक्षा (पद हेतु चाही गई योग्यतानुसार) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/वि.वि. से अंग्रेजी माध्यम से पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा। (हिन्दी एवं संस्कृत विषय को छोडकर)
9. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।

10. आवेदन में आवेदक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछ़डा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगां आवेदन पत्र के साथ फोटो, 10वीं(जन्म प्रमाण पत्र), 12वीं, जाति, निवास,अनुभव एवं विज्ञापित पद हेतु वांछित समस्त प्रमाण पत्र तथा अंकसूची-स्व-प्रमाणित सत्यापित होना आवश्यक है। स्व-प्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा। तथा इसकी सूचना नहीं दी जावेगी।
11. निःशक्तजन को मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
12. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा।
13. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है। भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किये जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
14. यह संविदा नियुक्ति 30 अप्रैल 2023 तक के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्यदक्षता, कार्यक्षमता एवं आचरण/व्यवहार के आधार पर दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि आगामी सत्र के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
15. यह संविदा भर्ती सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ.9-1/2012/1-3 दिनांक-31 दिसम्बर 2012 के अनुसार संविदा भर्ती के संबंध में जारी समस्त शर्तें लागू होगी।
16. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा भर्ती) नियम 2012 के तहत् अवकाश की पात्रता होगी।
17. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचारण) नियम 1965 से शासित होंगे।
18. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
19. रिक्त पदों की संख्या घट-बढ़ एवं विलोपित हो सकती है, इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।
20. नियुक्त शिक्षकों को शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त अन्य आबंटित शालेय कार्य यथा मुल्यांकन, शालेय गतिविधियां आदि में भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। जिसके लिए अतिरिक्त मानदेय की पात्रता नहीं होगी।
21. संविदा शिक्षक/कर्मचारियों को सीधी भर्ती द्वारा नियमित पदों की नियुक्ति में कोई दावेदारी नहीं होगी।
22. आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2022 को न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2022 की स्थिति में की जावेगी। उम्र की पुष्टि हेतु 10 वीं की अंक सूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। परन्तु आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिये लागू होंगे।
23. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र (निर्धारित आवेदन प्रारूप ही मान्य होगा) का विस्तृत प्रारूप तथा नियम-शर्ते बीजापुर जिले के वेबसाईट www.bijapur.gov.in एवं जिला शिक्षा कार्यालय बीजापुर के सूचना पटल पर देखा जा सकता हैं।
24. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार चयन समिति कुटरू एवं मद्देड को होगा।
25. किसी भी विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष**
**स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय**
**जिला-बीजापुर (छ.ग.)**

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला–बीजापुर (छ.ग.)

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, जिला–बीजापुर

### संविदा पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित शाला का नाम – ..............................................................

आवेदित पद का नाम एवं विषय – ..............................................................

हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं से सत्यापित कर चस्पा करें

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला–बीजापुर

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में)* – ..............................................................
   (अंग्रेजी में)* – ..............................................................
2. पिता/पति का नाम* – ..............................................................
3. जन्मतिथि अंको में* – ..............................................................
   (शब्दो में) * – ..............................................................
4. आयु दिनांक 01.01.2022 की स्थिति में* ..................दिन....................माह....................वर्ष
5. लिंग – पुरूष ☐ महिला ☐ अन्य ☐
6. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है* – हॉ ☐ नहीं ☐ हॉ तो जिला का नाम– ..............................
7. **शैक्षणिक/व्यवसायिक योग्यता का विवरण, जो कि अनिवार्य अर्हता में चाहा गया है* –**

| क्र. | परीक्षा का नाम | शिक्षा माध्यम हिन्दीं/ अंग्रेजी | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 5वीं | | | | | | | |
| 2 | 8वीं | | | | | | | |
| 3 | 10वीं | | | | | | | |
| 4 | 12वीं | | | | | | | |
| 5 | स्नातक | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | |
| 11 | | | | | | | | |

8.छत्तीसगढ़ राज्य शासन में शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थान अथवा सार्वजनिक उपक्रम,निगम मंडल में शैक्षणिक कार्य का अनुभव का विवरण*–

| क्र. | नियोक्ता विभाग / संगठन का नाम | संस्था / प्रतिष्ठान का नाम जहॉं कार्य किया / कर रहे है | पदनाम | पद की प्रकृति (अस्थायी / स्थायी / संविदा / अन्य) | मसिक वेतन रू. में | कार्य ग्रहण अवधि दिनांक सहित | कुल अनुभव (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |

**टीप** *:– आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जॉच कराई जायेगी, जॉच में किसी भी प्रकार से गलत / भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदक का आवेदन पद हेतु अमान्य किया जायेगा तथा वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, अतः असत्य जानकारी न दी जावे।

**टीप***:– आवेदक को पद की पूर्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी / पत्राचार / ई–मेल/SMS के माध्यम से दिया जायेगा। अतः ध्यानपूर्वक ई–मेल एवं WhatsApp मोबाईल नंबर अंकित करें।

***निम्न बिन्दुओं की जानकारी हेतु उचित खाने में चिन्ह अंकित करें । यदि जानकारी हॉं में है तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।**

9. **पत्र व्यवहार का पूर्ण पता*** – ..........................................................

..........................................................

जिले का नाम–..............................पिन कोड–..............................

(STD) कोड....................लैड लाईन नंबर..............................

मोबाईल नंबर..........................................................

ई मेल आई.डी..........................................................

10. क्या आपके पास आवेदित पद के लिए शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताएँ है– हॉं ☐ नहीं ☐
11. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक दिनांक सहित*–
    नाम.............................. जीवित पंजीयन क्रमांक .............................. वैधता दिनांक..............................
12. जाति (अजजा / अजा / अपिव / अना)* –..........................................................
13. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची* –
    1. 5वीं / 8वीं / 10वीं / 12वीं की अंकसूची ( आयु के सत्यापन के संबंध में 10वीं / अन्य की अंकसूची)*
    2. अनुभव प्रमाण पत्रा (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी) / अनापत्ति प्रमाण पत्र (नियोक्ता के द्वारा जारी)*
    3. शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र*
    4. मूल निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)*
    5. रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र(जीवित रोजगार पंजीयन अनिवार्य)*
    6. डी.एड. / डी.एल.एड. / बी.एड. / बी.लिब. / बी.पी.एड. / स्नातक / स्नातकोत्तर आदि (संबंधित योग्यता के समस्त सेमेस्टर की अंकसूची आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं)*

..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

**आवेदक / आवेदिका के हस्ताक्षर**

**पूरा नाम ..............................**

## घोषणा – पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि मैंने विज्ञापित पात्रता शर्तो को पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियॉं पूर्ण और सत्य है। त्रुटिपूर्ण / अपूर्ण अथवा असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर नियमानुसार मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा / रहूँगी। गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा तथा चयन / नियुक्ति बिना नोटिस के निरस्त की जावेगी।

स्थान :– ..............................

दिनांक :– ..............................

**आवेदक / आवेदिका के हस्ताक्षर**

**पूरा नाम ..............................**